महत्वपूर्ण
स्मार

पत्र सं0–2प/पं0स0भ0–09–56/2020/ 4565 /पं0रा0

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

मनोज कुमार, भा0प्र0से0
सचिव

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
योजना एवं विकास विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 17/3/2026

विषयः– पंचायत सरकार भवन निर्माण से संबंधित डाटा की प्रविष्टि निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर करने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–4654 दिनांक–27.03.2025, पत्रांक–6809 दिनांक–30.05.2025, पत्रांक–909 दिनांक 21.01.2026 एवं पत्रांक–4094 दिनांक 10.03.2026।

महाशय,

उपुर्यक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से कुल 2000 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण से संबंधित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की प्रविष्टि पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर किये जाने का अनुरोध किया गया है। परंतु पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर पंचायत सरकार भवन के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित प्रविष्टि नहीं हो पा रहा है।

इस संदर्भ में कहना है कि पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु आवंटित किये गये कुल ₹3127.231 करोड़ के विरूद्ध स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा ₹1924.00 करोड़ व्यय किये जाने के उपरांत भी पोर्टल पर मात्र ₹491.59 करोड़ की राशि प्रदर्शित हो रही है। पोर्टल पर प्रविष्टि हेतु पूर्व में कई बार अनुरोध भी किया गया है। परंतु अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रहा है।

आप अवगत हैं कि विभागीय संकल्प संख्या–4881 दिनांक 03.05.2023 की कंडिका–5(V)(h) में अंकित निदेश के अनुसार प्रत्येक माह योजना का प्रगति प्रतिवेदन पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर विहित प्रपत्र में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा अपलोड किया जायेगा। प्रतिवेदन अपलोड किये जाने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा User Id & Password भी उपलब्ध कराया गया है।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2025–26 समाप्ति की ओर है एवं विभाग द्वारा बार–बार स्मारित करने के वाबजूद निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर पंचायत सरकार भवन के

D:\JITTE 2026\NIRAJ SIR\PSB LETTER.docx

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित प्रविष्टि नहीं किये जाने के कारण राशि आवंटन क। कार्रवाई बाधित हो रही है। फलस्वरूप निर्धारित समय–सीमा के अंदर राशि आवंटन नहीं होने पर स्वतः प्रत्यर्पण होने की स्थिति में सारी जवाबदेही मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, योजना एवं विकास विभाग की होगी। पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर डाटा की प्रविष्टि के उपरांत ही विभाग स्तर से राशि आवंटित किया जा सकेगा।

अतएव सादर अनुरोध है कि संकल्प में निहित निदेश के आलोक में पंचायत निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर प्रगतिवार भौतिक और वित्तीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से करने की कृपा की जाय, ताकि राशि का आवंटन ससमय किया जा सके।

विश्वासभाजन

17/3/26

(मनोज कुमार)

सचिव

ज्ञापांक–2प/पं०स०भ०–09–56/2020/4565/पं0रा0 पटना, दिनांक 17/3/26

प्रतिलिपिः–मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण (BLADA), योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/3/26.

(मनोज कुमार)

सचिव

ज्ञापांक–2प/पं०स०भ०–09–56/2020/4565/पं0रा0 पटना, दिनांक 17/3/26

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/3/26.

(मनोज कुमार)

सचिव

ज्ञापांक–2प/पं०स०भ०–09–56/2020/4565/पं0रा0 पटना, दिनांक 17/3/26

प्रतिलिपिः–आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/3/26.

(मनोज कुमार)

सचिव